दैनिक भास्कर

# नकली शराब:उदयपुर में पिछले 1 महीने से बनाई जा रही थी नकली शराब, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, 1000 लीटर महुआ वॉश की नष्ट

उदयपुर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1000 लीटर महुआ वाश नष्ट किया है। उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने घोल की घाटी क्षेत्र में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसमें पुलिस ने 20 लीटर अवैध शराब भी जब्त की है।

**मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई**

उदयपुर की सवीना थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब का निर्माण किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से सूचना का सत्यापन कर इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान पुलिस ने अवैध शराब बना रहे चेनाराम को गिरफ्तार भी किया है। इसके साथ ही 20 लीटर शराब जप्त कर 1000 लीटर महुआ वॉश को नष्ट किया है।

**1 महीने से चल रहा था अवैध शराब का कारोबार**

आरोपी से शुरुआती पूछताछ में पता चला है कि पिछले 1 महीने से आरोपी द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा था। जिसे वह आसपास के इलाकों के साथ ही उदयपुर और आसपास के गांवों में भी सप्लाई करता था। वहीं अब पुलिस द्वारा आरोपियों के साथी की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस की इस कार्रवाई में आरपीएस पूजा नागर, हेड कांस्टेबल सुनील बिश्नोई, फतेह सिंह, महेंद्र सिंह, कॉन्स्टेबल राजकमल और राजकुमार शामिल थे।

Source: https://www.bhaskar.com/local/rajasthan/udaipur/news/fake-liquor-was-being-made-in-udaipur-for-the-past-1-month-police-arrested-the-accused-destroyed-1000-liter-mahua-wash-127926614.html